1-On the occasion of the 75th Independence Day, Subedar Major(Honorary Lieutenant) Yogendra Singh Yadav, Param Vir Chakra, was conferred the rank of Honorary Captain by the President of India.

देश के **75**वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सूबेदार मेजर (आनरेरी लेफ्टिनेंट) योगेंद्र सिंह यादव**,** परम वीर चक्र को आनरेरी कैप्टन के पद से सम्मानित किया।

2-Prime Minister Narendra Modi announced a Rs 100 lakh crore Pradhan Mantri Gatishakti initiative which will create employment opportunities for the country's youth and help in holistic infrastructure growth.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिये जल्दी ही **100** लाख करोड़ रुपये की गतिशक्ति योजना शुरू किये जाने की घोषणा की।

3-Prime Minister Narendra Modi formally announced the launch of a National Hydrogen Mission to accelerate plans to generate the carbon-free fuel from renewables as he set a target of 2047 for India to achieve self-reliance in energy.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवीकरणीय ऊर्जा से कार्बन मुक्त ईंधन पैदा करने के लिये राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन शुरू करने की औपचारिक घोषणा करने के साथ ही **2047** तक ऊर्जा के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की घोषणा की।

4-Acommunity FM radio service was launched at Kevadia in Gujarat's Narmada district, where the world's tallest 'Statue of Unity of Sardar Vallabhbhai Patel is located, on the occasion of India's 75th Independence Day.

गुजरात में नर्मदा जिले के केवड़िया में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामुदायिक एफएम रेडियो सेवा शुरू की गई है**,** जहां सरदार पटेल की प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थित है।

5-Mohammad Azam from Karimnagar district in Telangana has been awarded the National Youth Award recently by the Union Youth Affairs and Sports Minister Anurag Singh Thakur in Delhi for displaying exemplary leadership qualities.

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अनुकरणीय नेतृत्व क्षमता के प्रदर्शन के लिए हाल ही में दिल्ली में तेलंगाना के करीमनगर जिले के मोहम्मद आजम को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्रदान किया।

6-A special anti-Naxal operations squad of the Border Security Force (BSF) marked the Independence Day by hoisting the national flag for the first time at a newly-created base in a remote Maoist violence-hit region of Odisha.

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक विशेष नक्सल विरोधी अभियान दस्ते ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ओडिशा के सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नव-निर्मित एक बेस पर पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

7-Japan marked the 76th anniversary of its World War II surrender with a sombre ceremony in which Prime Minister Yosihide Suga pledged for the tragedy of war to never be repeated but avoided apologising for his country's past aggression.

द्वितीय विश्व युद्ध में हार के बाद जापान के आत्मसमर्पण करने के **76** वर्ष पूरे होने पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा कि युद्ध कभी नहीं होना चाहिए, हालांकि इस दौरान उन्होंने देश के आक्रामक रवैये के लिए माफी नहीं मांगी।

8-It is highly unlikely that India will become a USD 5 trillion economy by 2024-25 due to the slowdown caused by the COVID-19 pandemic, University of Massachusetts professor Vamsi Vakulabharanam has said.

यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स के प्रोफेसर वामसी वकुलभरणम का मानना है कि कोविड महामारी की वजह से आई आर्थिक नरमी के कारण भारत शायद ही **2024-25** तक **5,000** अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन पाए।

9-Pakistan has become an exporter of smartphones by sending first-ever shipment tagged 'Manufactured in Pakistan' to the UAE.

पाकिस्तान देश में निर्मित स्मार्टफोन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भेजकर स्मार्टफोन का निर्यातक बन गया है।

10-Veteran Gujjar leader and Padma Bhushan awardee Mian Bashir Ahmed, a resident of Ganderbal district of Jammu and Kashmir, passed away. He was 98.

गुज्जर नेता एवं पद्म भूषण से सम्मानित मियां बशीर अहमद का निधन हो गया, जम्मू-कश्मीर के गांदेरबल जिले के रहने वाले अहमद **98** वर्ष के थे।